## UP News: 87 हजार रुपये के नकली रुपयों के साथ तीन बदमाश गिरफ्तार, खुद ही छापकर करते थे सप्लाई



**जागरण संवाददाता, बुलंदशहर।** नरौरा थाना एवं देहात स्वाट पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान बैलोन गेट के पास से तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों के कब्जे से 87 हजार रुपये के नकली नोट और एक बाइक बरामद की है।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डा. तेजवीर सिंह ने बताया कि तीन अगस्त की सुबह लगभग साढ़े 11 बजे नरौरा थाना एवं देहात स्वाट पुलिस टीम संयुक्त कार्रवाई करते वांछित आरोपितों की तलाश में चेकिंग कर रही थी।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने बैलोन गांव के गेट संख्या के पास से बदायूं के थाना अलापुर क्षेत्र के गांव भसराला निवासी रहवर अली पुत्र इलियास, यावर अली पुत्र मकसूद अली और अनीश पुत्र भूरे निवासी मानकपुर थाना उझानी जिला बदायूं को गिरफ्तार किया तथा तलाशी में आरोपितों के कब्जे से 87 हजार के दो-दो सौ रुपये के नोट और एक बाइक बरामद की है।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/bulandshahr-bulandshahr-three-arrested-with-fake-currency-crime-news-24002971.html